तोक्यो में अपने घर को देख भावुक हुईं सान्या मल्होत्रा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ऐक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने फिल्म दंगल से डेब्यू किया था और उनके काम की काफी तारीफ भी की गई थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने बधाई हो और फोटोग्राफ जैसी फिल्मों में काम कर काफी तारीफ पाई है। आज भारत में फिल्मों में जलवा दिखा रही इस हिरोइन के बारे में कम ही लोगों को पता होगा कि वह 23 साल पहले जापान की राजधानी तोक्यो में रहती थीं। हाल में सान्या अपने परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए जापान गईं। इस वकेशन में उनके साथ उनके पैरंट्स और बन थीं। सान्या ने अपने इस वकेशन की कुछ तस्वीरें और विडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। इसी दौरान सान्या अपने 23 साल पुराने घर भी गईं और वहां कुछ भावुक हो गईं। उन्होंने इसकी तस्वीरें और विडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं। इस बीच, बता दें कि सान्या इस समय डायरेक्टर अनुराग बसु की अगली फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म में सान्य के साथ आदित्य रॉय कपूर, अभिषेक बच्चन और फातिमा सना शेख मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

ऑनलाइन ट्रोलिंग पर बोलीं सोनम कपूर, आपको डील करना सीखना होगा

सोनम कपूर अपनी आने वाली फिल्म जोया फैक्टर के प्रमोशन्स में व्यस्त हैं। सोनम कपूर उन ऐक्ट्रेसस में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर हर मुद्दे पर अपनी राय रखती हैं। हालांकि, इसके लिए सोनम हमेशा ही ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं। कई बार सोनम उनको बुरा-भला कहने वालों को करारा जवाब भी देती हैं। सोनम कपूर ने हाल में एक इंटरव्यू में ऑनलाइन ट्रोलिंग पर बात की है।

आज के समय में स्टार्स फैन्स के साथ जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं।

हालांकि, स्टारडम के साथ कई ऐसी चीजें भी आती हैं जो आपको परेशान कर सकती हैं। ऐसी ही एक परेशानी जो स्टार्स झेलते हैं वह है ट्रोलिंग। ट्रोल्स की बात करें तो सोनम कपूर सबसे यादा ट्रोल्स झेलने वाले स्टार्स में से एक हैंसोनम कपूर ने कहा कि इस बात से फर्क नहीं पड़ता है कि आप पुरुष हैं या महिला, जो भी अपने विचार रखता है उसे हर तरह की बातों का सामना करना पड़ता है।

कोई आपकी बातों से सहमत होगा और कोई नहीं। ऐसे में आपको इनसे डील करना सीखना होगा। जोया फैक्टर 20 सितंबर को रिलीज होनी है। यह फिल्म इसी नाम से अनुजा चौहान के उपन्यास पर आधारित है। फिल्म में सोनम एक ऐड एजेंसी एग्जेक्युटिव की भूमिका में है जिन्हें लोग क्रिकेट के लिए लकी चार्म समझने लगते हैं। इसके बाद जोया की जिंदगी अजीब तरह से बदल जाती है।

एक विलेन के सीक्वल में नजर आएंगे जॉन अब्राहम!

बॉलिवुड ऐक्टर जॉन अब्राहम आखिरी बार फिल्म बाटला हाउस में नजर आए थे। अब डायरेक्टर मोहित सूरी ने जॉन अब्राहम को अपनी फिल्म एक विलेन के सीक्वल के लिए अप्रोच किया है। साल 2014 में आई एक विलेन में श्रद्धा कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रितेश देशमुख लीड रोल में नजर आए थे। जॉन अब्राहम को फिल्म की स्क्रिप्ट पंसद आई और वह फिल्म को साइन करने जा रहे हैं। जल्द ही फिल्म के दूसरी स्टार कास्ट फाइनल की जाएगी। फिल्ममेकर्स जल्द ही प्रॉजेक्ट की आधिकारिक घोषणा करने की प्लानिंग कर रहे हैं और फिल्म अगले साल शुरू हो सकती है। बता दें किऐक्शन थ्रिलर फिल्म एक विलेन में गुरु (सिद्धार्थ) और आयशा (श्रद्धा) की ट्रैजिक लव स्टोरी दिखाया गया था। सिद्धार्थ ने फिल्म में गैंगस्टर की भूमिका निभाई थी, जिसे बाद में श्रद्धा से प्यार हो जाता है। वहीं, रितेश देशमुख ने फिल्म में एक सीरियल किलर का रोल प्ले किया था, जो बाद में श्रद्धा की हत्या कर देता है। जॉन अब्राहम की वर्कफ्रंट की बात करें तो वह गैंगस्टर ड्रामा मुंबई सागा में नजर आएंगे। फिल्म में उनके साथ इमरान हाशमी, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी, अमोल गुप्ते, प्रतीक बब्बर, गुलशन ग्रोवर, समीर सोनी और रोहित रॉय भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का डायरेक्शन का संजय गुप्ता करेंगे और फिल्म 19 जून, 2020 को रिलीज होगी।